दिन– सोमवार दिनांक– 02 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान खेती, किसानी और किसानों की जिंदगी बदलने का प्रयास है। श्री चौहान मोतिहारी में अभियान के तहत किसानों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प कृषि क्षेत्र में सुधारों से ही संभव है। श्री चौहान ने कहा कि खेती और समृद्ध किसान के लक्ष्य को लेकर इस अभियान के तहत पूरे देश में वैज्ञानिक किसानों के साथ संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों से प्राप्त सुझाव के आधार पर भविष्य की रणनीति तय की जायेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार में चौथे कृषि रोडमैप के तहत उल्लेखनीय काम हो रहा है।

———————————————————————

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री राय ने कहा कि इस अवधि में समाज के सभी वर्गों के लिए काफी काम हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प के साथ पूरा देश एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत एक लाख अतिरिक्त आवासों के आवंटन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा है। नगर विकास और आवास विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि आवास सर्वे में आवेदनों की संख्या बढ़ने के बाद इस संबंध में प्रस्ताव भेजा गया है। केंद्र सरकार से मंजूरी के बाद राज्य में अगले पांच साल में छह लाख शहरी गरीबों को आवास उपलब्ध हो जायेंगे। अभी प्रदेश

में पांच लाख शहरी गरीबों को आवास देने का लक्ष्य है। इनमें से अबतक दो लाख आवास को स्वीकृति मिल चुकी है।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने पर पार्टी की जो राय होगी, उसका वे पालन करेंगे। आज नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि अभी इस पर और चर्चा होगी। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में श्री पासवान ने कहा कि पार्टी की ओर से सामान्य सीट से चुनाव लड़ने का भी प्रस्ताव है।

———————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मलेशिया के दौरे पर है। इस प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया की राजधानी कआलालंपुर में सत्तारूढ़ दल के संसद सदस्यों और अन्य नेताओं के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक के बाद श्री झा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ मलेशिया का पूरा समर्थन भारत को मिला है। उन्होंने कहा कि यह बैठक काफी लाभदायक रही।

———————————————————————

प्रदेश के कुछ हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मधुबनी के अंधराठाढी में सबसे अधिक साठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं अररिया के नरपतगंज में साठ मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————————————

मुंगेर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित छत्तीसवीं बिहार राज्य क्योरूगी और नौवीं बिहार राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गया की टीम ने बत्तीस स्वर्ण पदक जीते। वहीं सारण की टीम के खाते में बाइस स्वर्ण पदक आये। कटिहार की टीम ने ग्यारह और मुंगेर ने सोलह स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

———————————————————————————————————

समाप्त